रविवासरीय
हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
रविवार, 01 अप्रैल 2018, बरेली, पांच प्रदेश, 20 संस्करण
www.livehindustan.com

PAGE NO. 10 : BOTTOM

विशेषज्ञ तालमेल के साथ करें चिकित्सा

बरेली | वरिष्ठ संवाददाता

एसआरएमएस में शनिवार को एक दिवसीय सीएमई कान्क्लेव आयोजित किया गया।

श्री राम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइसेज के चर्म रोग विभाग एवं मानसिक रोग विभाग और रुहेलखंड डर्माटोलाजिकल सोसायटी की ओर से एक दिवसीय सीएमई कान्क्लेव आयोजित किया गया।

सीएमई में देश के विभिन्न स्थानों से लगभग 100 प्रतिनिधियों, चिकित्सकों एवं पीजी छात्रों ने भाग लिया। भारत के शीर्ष चिकित्सा संस्थानों के विशिष्ट चिकित्सकों की ओर से त्वचा से सम्बन्धित विभिन्न रोगों की नवीनतम अनुसंधानों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई गई। सम्मेलन का उद्घाटन संस्थान के निदेशक प्रशासन आदित्य मूर्ति, प्राचार्य प्रो. डा. एसबी गुप्ता, चेयरपर्सन डा. पीके परडल और डा. प्रतीक गहलोत ने सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। निदेशक प्रशासन आदित्य मूर्ति ने उपस्थित सभी प्रतिनिधियों को डर्मोटोलॉजी एवं साइकेट्री के महत्वपूर्ण तालमेल व वर्तमान एवं भविष्य में इस सब-स्पेश्यिलिटी की बढ़ती उपयोगिता के बारे में प्रकाश डाला।

सीएमई को चार सत्रों में आयोजित किया गया। प्रथम सत्र में डा. पीके परडल, डा. राजेश वर्मा एवं डा. सुमित गुप्ता मौजूद थे। सीएमई का संचालन कार्यक्रम के सह-आयोजन सचिव डा. नितिन मिश्रा ने किया।